
निकायों में निर्माण कार्यों को समय पर कराया जाय पूर्ण-डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने आज कार्यालय कक्ष में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पंचायत चरवा में कार्य लम्बित पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी को सभी कार्य माह नवम्बर, २०२६ तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने १५वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वंदन योजना, नगरोदय योजना, आकांक्षी नगर योजना एवं सीवरेज व जल निकासी योजना आदि के अन्तर्गत निकायवार कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान आधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ १५ नवम्बर, २०२६ तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को



निर्माण कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण एवं मौके पर भ्रमण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ करने के लिए कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी आधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने नगर निकाय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, जिससे आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बाइक के विवाद में महिला से गाली-गलौज, विरोध पर मारपीट की धमकी

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सोखदा गांव में बाइक को गिरवी रखने के विवाद में एक महिला को गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक वापस मांगने पहुंचे युवक ने महिला के साथ अभद्रता की।विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया और जल्द बाइक वापस नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीडिता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सोखदा निवासिनी शबनम पत्नी इश्तियाक अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि करीब दो माह पहले सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर देवछार गांव निवासी रेहान अहमद पुत्र शौकत अली बाइक लेकर उसके पास पहुंचा था। पैसों की जरूरत बताते हुए उसने बाइक गिरवी रखने की बात कही। शबनम के अनुसार उसने खुद बाइक गिरवी रखने के बजाय हथियाभीट गांव निवासी विनोद यादव के पास ४० हजार रुपये में बाइक रखवा दी। इसके बाद रेहान पूरी रकम लेकर अपने घर चला गया।आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले शबनम के पास रेहान के भाई का फोन आया। उसने बाइक को अपना बताते हुए तत्काल वापस कराने की मांग की। बुधवार सुबह रेहान बाइक लेने के लिए शबनम के घर पहुंच गया। शबनम ने रुपये वापस करने की बात कही तो आरोप है कि रेहान का भाई मुसताख गाली-गलौज करने लगा। महिला ने इसका विरोध किया तो वह मारपीट पर आमादा हो गया। साथ ही जल्द बाइक वापस नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। हंगामा सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद पीडिता ने संदीपन घाट थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

मान सिंह यादव की जीत पर कौशाम्बी में जश्न, जमकर बंटे लड्डू

वरिष्ठ सपा नेता खलीक अहमद उर्फ निक्के एवं सभासद सुनील चौधरी ने लोगों को लड्डू खिलाकर मनायी खुशी, सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

कौशाम्बी इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा० मान सिंह यादव ने दूसरी बार जीत दर्ज कर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की। उनकी जीत की खबर मिलते ही सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। सपा नेता रईस अहमद ने डा० मान सिंह यादव को दूसरी बार जीत दर्ज करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र में जनता के विश्वास और समाजवादी विचारधारा की मजबूती का प्रतीक है। लगातार दूसरी बार जीत हासिल करना कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्थकों के भरोसे को दर्शाता है।

रईस अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षित वर्ग, युवाओं, किसानों और आम जनता के हितों की आवाज उठाती रही है। डॉ. मान सिंह यादव की जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. यादव स्नातक मतदाताओं की समस्याओं को विधान परिषद में प्रमुखता से उठाकर उनके हितों के लिए काम करेंगे।

इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव की शानदार जीत के बाद कौशाम्बी में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जीत की खुशी में जमकर लड्डू बांटे गए और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव



जीत की बधाई देते रईस अहमद।

की जीत के बाद कौशाम्बी में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। सपा जिला उपाध्यक्ष खलीक अहमद उर्फ निक्के व सभासद सुनील चौधरी ने लोगों को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान खलीक अहमद ने कहा कि डॉ मानसिंह यादव की शानदार जीत से कार्यकर्ताओं की जीत है। एमएलसी चुनाव में पढ़े लिखे नौजवानों ने २०२७ में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संदेश दे दिया है। सभासद सुनील चौधरी ने कहा कि इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के साथ साथ उत्तर प्रदेश खंड शिक्षा व खंड स्नातक में समाजवादी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने इसे पीडीए जननायक अखिलेश यादव की नीति और समाजवादी पार्टी के सिपाहियों कार्यकर्ताओं और नौजवानों की जीत बताया। इस मौके पर सुघर यादव , शनि यादव, नरेंद्र यादव, बजरंग सिंह यादव, संतोष यादव, मोहम्मद उमर, इंद्रजीत, अतुल यादव, आदि मौजूद रहे।

जनगणना-२०२७ के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने जनगणना- २०२७ के द्वितीय चरण के अंतर्गत होने वाली जनसंख्या गणना को सकुशल, सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,टेवा में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं दायित्वों की समुचित जानकारी प्रदान की जाए, जिससे जनगणना का कार्य त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसकी सफलता के लिए सभी संबंधित कार्मिकों का प्रशिक्षित, सजग एवं जिम्मेदार होना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लेने तथा जनगणना कार्य के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए जनगणना कार्य की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना का कार्य सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

लकड़ी तोड़ने के विवाद में खूनी संघर्ष, चार लोग घायल

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव में लकड़ी तोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया।सोमवार रात पड़ोसी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर एक ही परिवार के चार लोगों पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया।मारपीट में चार लोग घायल हो गए। शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।

औधन निवासी सुनीता देवी के मुताबिक उनके देवर सूरज का पड़ोसी रामराज रैदास से लकड़ी तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था।आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर सोमवार रात रामराज ने अपने बेटे सुदीप, अनिल और पत्नी सविता के साथ मिलकर उनके परिवार पर हमला कर दिया।हमले में सुनीता देवी के देवर सूरज, सास बुदुन देवी,पति अजय कुमार और देवरानी रंजना देवी को चोटें आईं। घटना के बाद घायलों ने पिपरी थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामूली विवाद को लेकर हुई इस मारपीट से गांव में चर्चा का माहौल है।

बाइक की टक्कर से मजदूर घायल

कड़ा,कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के अझुवा चौकी अंतर्गत जीटी रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना से पीडित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अझुवा वार्ड नंबर दो अंबेडकर नगर निवासी रघुराज उर्फ अहतर २४ अक्टूबर की सुबह करीब सात बजे घर से मजदूरी करने के लिए निकला था।वह अझुवा जीटी रोड स्थित अंबर ढाबे के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान खागा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बाइक चालक बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था। घटना के बाद घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले में पीडित परिवार ने अझुवा चौकी पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद चौकी इंचार्ज ने बाइक और उसके चालक को शाम के समय छोड़ दिया। इससे परिवार में नाराजगी है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गंभीर रूप से घायल मजदूर की हालत को लेकर परिवार चिंतित है।अब देखना होगा कि पुलिस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है।

हड़ताल पर सचिव, समितियों में लटक रहा ताला,किसान परेशान

कौशाम्बी। रबी की खेती करने के लिए डीएपी खाद को लेकर हर साल समिति के चक्कर काटने वाले किसानों की परेशानी इस बार और बढ़ गई है। इस बार सचिवों ने हड़ताल के नाम पर समिति पर ही ताला लटका दिया है। इससे आलू, सरसों और गेहूं की बुवाई के लिए निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। मजबूरी में निजी दुकानों से महंगी खाद खरीदने के कारण खेती की लागत पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। रबी की प्रमुख फसल आलू, सरसों, गेहूं, चना, मटर की बुवाई का कार्य आरम्भ हो चुका है। खेती के ऐन वक्त पर डीएपी न मिलने से किसानों के सामने सबसे बड़ी चिंता समय पर बुवाई करने की है। खेत तैयार होने के बाद खाद नहीं मिलने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकारी समिति से खाद मिलने की उम्मीद में पहुंचने वाले किसानों को निराश लौटना पड़ रहा है। इसके बाद निजी दुकानों से डीएपी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही जुताई, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च हो रहा है। ऐसे में महंगी खाद खरीदने से लागत और बढ़ रही है। इसका सीधा असर उनकी आमदनी पर पड़ सकता है।

ताड़का वध होते ही गूंजे जयकारे, अहिल्या उद्धार की लीला ने मोहा मन

विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा कर राम-लक्ष्मण पहुंचे जनकपुर, नगर दर्शन देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

करारी,कौशाम्बी। करारी रामलीला महोत्सव में मंगलवार रात ताड़का वध, यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार और जनकपुर नगर दर्शन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। ताड़का वध के प्रसंग में श्रीराम के पराक्रम और अहिल्या उद्धार में करुणा का दृश्य देख दर्शक भावविभोर हो गए। रामलीला स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। लीला की शुरुआत महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या पहुंचने से हुई। उन्होंने राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को साथ भेजने का आग्रह किया। पुत्रों के मोह में दशरथ पहले तैयार नहीं हुए, लेकिन गुरु वशिष्ठ के समझाने पर दोनों राजकुमारों को विश्वामित्र के साथ भेज दिया। वन में ताड़का के आतंक का प्रसंग मंचित हुआ। श्रीराम ने ताड़का का वध कर ऋषि के यज्ञ को निर्विघ्न संपन्न कराया। इस दृश्य के मंचन के दौरान दर्शकों ने जयकारे लगाकर उत्साह जताया। इसके बाद सीता स्वयंवर में शामिल होने के लिए विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को लेकर जनकपुर रवाना हुए। रास्ते में शापग्रस्त अहिल्या के उद्धार का प्रसंग मंचित हुआ। श्रीराम की कृपा से अहिल्या के उद्धार का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। जनकपुर पहुंचने पर गुरु की आज्ञा लेकर दोनों राजकुमार नगर दर्शन के लिए निकले। राम-लक्ष्मण की मनमोहक छवि देखकर नगरवासी मुग्ध हो गए। नगर दर्शन की लीला के साथ श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।



करारी रामलीला में मंचन करते कलाकार।

आयोजित रामलीला में मंगलवार की रात कलाकारों ने मुनि आगमन, ताड़का वध और फुलवारी लीला का मनमोहक मंचन किया। चित्रकूट धाम से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामलीला को देखने के लिए दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को जीवंत कर दिया। मंचन के दौरान मुनि आगमन की लीला में महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचते हैं और यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम तथा लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगते हैं। इसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण मुनि के साथ वन की ओर प्रस्थान करते हैं। ताड़का वध की लीला में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ में बाधा डालने वाली राक्षसी ताड़का का भगवान श्रीराम वध करते हैं। इस प्रसंग के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत और धर्म की रक्षा का संदेश दिया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। फुलवारी लीला में भगवान श्रीराम और माता सीता के प्रथम मिलन से जुड़े प्रसंग को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जनकपुर की फुलवारी में माता सीता और भगवान श्रीराम के दर्शन का प्रसंग देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। इस लीला में मर्यादा, प्रेम और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। रामलीला देखने के लिए नगरवासियों के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों से दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी है।

किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

चायल, कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के मुताबिक चार दिन पहले शनिवार को पड़ोसी युवक उसकी १५ वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। दोपहर में पति के साथ खेत से घर लौटने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी युवक के परिजनों ने गाली-गलौज कर उसके पति को भगा दिया। महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी थी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे निराश होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल का श्रेष्ठता बरकरार

चायल,कौशाम्बी। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के खिलाडियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के दो होनहार एथलीटों आर्यन और सुजीत का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खास बात यह है कि लगातार तीसरे वर्ष विद्यालय के खिलाडियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाकर संस्थान की खेल उपलब्धियों का सिलसिला बरकरार रखा है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आर्यन ने अपनी तेज रफ्तार और शानदार प्रदर्शन के दम पर १०० मीटर फर्राटा दौड़ तथा ४.१०० मीटर रिले दौड़ में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान हासिल किया है। वहीं सुजीत का चयन ४०० मीटर बाधा दौड़ और ४x१०० मीटर रिले दौड़ के लिए हुआ है। दोनों खिलाडियों ने जनपद और मंडल स्तर की प्रति योगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय मंच तक पहुंचने का गौरव हासिल किया है। विद्यालय के खिलाडियों का लगातार तीसरे वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना संस्थान की खेल गतिविधियों और प्रशिक्षण व्यवस्था की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह सफलता दर्शाती है कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक एवं रेलवे बोर्ड भारत सरकार के पूर्व सदस्य डा० प्रभु शंकर शुक्ल ने दोनों खिलाडियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।आर्यन और सुजीत की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतेंगे और जनपद का नाम रोशन करेंगे। वहीं उपप्रबंधक प्रहस्त शुक्ल, प्रधानाचार्या प्रीतिमा शुक्ला और उपप्रधानाचार्या निर्मला पाण्डेय ने भी दोनों खिलाडियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। दोनों खिलाडियों की इस उपलब्धि के पीछे खेल प्रशिक्षक जगदीश कुमार मौर्य का कुशल मार्गदर्शन नियमित अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या अहम रही।प्रशिक्षक की सटीक रणनीति और खिलाडियों की मेहनत ने उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचाया है। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशकर राज्य स्तर तक पहुंचाना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। आर्यन और सुजीत की सफलता ने क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रेरित किया है। विद्यालय परिवार और स्थानीय खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय क्षेत्र और प्रयागराज जनपद का गौरव बढ़ाएंगे।

हत्या और अपहरण में धर्मेंद्र तिवारी को उम्रकैद २३ हजार रुपये जुर्माना

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र से जुड़े हत्या, अपहरण और लूट के मामले में अदालत ने धर्मेंद्र तिवारी उर्फ पट्टू को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने हत्या के मामले में उम्रकैद और १० हजार रुपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा लूट के दौरान चोट पहुंचाने, अपहरण, साक्ष्य छिपाने और चोरी की संपत्ति रखने के मामलों में भी अलग-अलग सजाएं सुनाई गईं। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

सोरई बुजुर्ग निवासी धर्मेंद्र तिवारी उर्फ पट्टू पुत्र स्व. शीतला प्रसाद तिवारी के खिलाफ सैनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया। न्यायालय ने हत्या के मामले के तहत आजीवन कारावास और १० हजार रुपये जुर्माना लगाया। १० वर्ष का कठोर कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना, जबकि धारा ३६४/१४९ के तहत अपहरण के मामले में भी १० वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना सुनाया। इसी तरह साक्ष्य छिपाने के मामले में तीन वर्ष का कारावास और दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

शराबी ने मां-बेटे को लाठी से पीट कर किया लहूलुहान

कौशाम्बी। खेत जा रही महिला को शराबी ने गाली-गलौज करते हुए पीटा। शोर सुनकर उसका बेटा बीच बचाव को पहुंचा तो उसको भी लहूलुहान कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोखराज थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव की रानी देवी पत्नी ओम प्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि सोमवार को वह अपने खेत जा रही थी। इसी दौरान गांव का रामनाथ शराब के नशे में रास्ते में मिला। बिना वजह उसको गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से पीटने लगा। इससे उसको चोटें आई। शोर सुनकर उसका १३ वर्षीय बेटा पवन बीच बचाव के लिए आया तो उसको भी पीटकर घायल कर दिया। पवन को भी चोटें आई हैं। महिला की तहरीर पर कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी रामनाथ के खिलाफ केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

शादी का झांसा देकर युवती से किया दुराचार

कौशाम्बी। युवती को प्रेमी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। उसने शादी का दबाव बनाया तो प्रेमी ने इनकार कर दिया। युवती की तहरीर पर कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का प्रयागराज के करेंदा का पुरवा गांव के अब्दुल रहीम पुत्र यासीन से प्रेम संबंध था। दो साल से दोनों एक-दूसरे से मोबाइल फोन पर बातचीत किया करते थे। युवती का आरोप है कि चार अक्तूबर को उसकी मां बड़ी बहन की ससुराल करेंदा का पुरवा गई थी। वह घर पर अकेले थी। वह घर पर अकेले थी। जानकारी होने पर अब्दुल रहीम आया और शादी का झांसा देकर उसके साथी शारीरिक संबंध बनाया। छह अक्तूबर को उसकी मां बहन के यहां से वापस आई तो जानकारी दी। इसके बाद मां ने अब्दुल रहीम के परिजनों से बातचीत की। २५ अक्तूबर को दोनों पक्षों की बैठक हुई। बैठक में अब्दुल रहीम ने साफ-साफ शादी करने से इनकार कर दिया। पीडिता की तहरीर पर कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। इससे अब आरोपित की परेशानी बढ़ गई है। मामले को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि तहरीर मिली है, केस दर्ज करा दिया गया है, मामले की जांच किया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपित के खिलाफ कारवाई किया जायेगा।

आदर्श नगर पंचायत अजुहा में

भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

कौशाम्बी। सरकारी दफ्तरों में काम कराने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है तो क्या आप चुप रहेंगे। अब इसकी शिकायत सीधे सतर्कता अधिष्ठान से की जा सकती है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाकर रिश्वत विरोधी हेल्पलाइन नंबर ९४५४४० १८६६ जारी किया है। शिकायत मिलने पर टीम रिश्वत मांगने वाले अधिकारी या कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप कार्रवाई करेगी। शिकायतकर्ता की पहचान भी गोपनीय रखी जाएगी। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सतर्कता अधिष्ठान ने आम लोगों से भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे आने की अपील की है। सरकारी काम के बदले रिश्वत मांगना, विभागीय कार्यों में भ्रष्टाचार के इरादे से अनियमितता करना और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करना शिकायत के दायरे में आता है। सरकारी काम लंबित है तो कर सकते हैं शिकायत सतर्कता अधिष्ठान के मुताबिक, जिस अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ शिकायत की जा रही है, उसके स्तर पर शिकायतकर्ता का कोई सरकारी काम लंबित होना चाहिए। शिकायतकर्ता की संबंधित लोक सेवक से व्यक्तिगत रंजिश नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर नियमानुसार काररवाई की जायेगी। रिश्वत की रकम भी लौटाने का प्रावधान ट्रैप कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा दी गई रिश्वत की धनराशि नियमानुसार वापस किए जाने का प्रावधान है। शिकायतकर्ता के मांगने पर यह रकम तीन माह के भीतर लौटाई जा सकती है। साथ ही रिश्वत के लिए लंबित सरकारी काम को भी नियमानुसार पूरा कराया जाता है।

संदिग्ध दशा में किशोरी लापता, केस

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को बाजार सामान लेने गई थी। शाम तक वह लौटकर नहीं आई तो परिजन परेशान हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई किशोरी की बहुत खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चला। परिजनों ने इस मामले में लोधन का पुरवा मजरा धुमाई निवासी आनन्द पुत्र नरेंद्र के खिलाफ किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सरेआम महिला को पीटने वालों पर केस दर्ज

कौशाम्बी। जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल के सामने सोमवार को रुपये के लेनदेन को लेकर महिला को जमकर पीटा गया था। महिला को युवक ने सड़क पर उठाकर फेंक दिया था। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल के सामने सोमवार को रुपये के लेनदेन को लेकर महिला को जमकर पीटा गया था। महिला को युवक ने सड़क पर उठाकर फेंक दिया था। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में पीडिता सुमन देवी पत्नी चंद्रप्रकाश ने फतेहपुर के धाता थाना क्षेत्र के भैदापुर निवासी कंधई व दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच करने के बाद आरोपी कंधई व अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वीडियो में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। इस प्रकरण में जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में पुलिस जुट गई है।

पराली प्रबंधन जागरूकता प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीडीओ।

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने पराली प्रबंधन जागरूकता प्रचार-प्रसार वाहन को विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशनफार इन-सीटूमैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत धान की पुआल/फसल अवशेष को न जलाने एवं सडाकर खाद बनाये जाने के लिए कृषकों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को प्रत्येक विकास खण्डों में चलाया जाएगा तथा कृषकों को जागरूक किया जाएगा। उप कृषि निदेशक, ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त निगरानी टीम पराली प्रबंधन के लिए जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर बनायी गई है। पराली जलाये जाने की सैटेलाइट के माध्यम से सूचना प्रतिदिन प्राप्त होती है, जिसमें अक्षांश एवं देशांतर के साथ स्थल का उल्लेख रहता है, जिसके आधार पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी स्थलीय निरीक्षण करके आख्या देते हैं। पराली जलाये जाने पर ०२ एकड तक रूपये-२५००, ०२ से ०५ एकड़ तक रूपये-५०००, तथा ०५ एकड से अधिक होने पर रूपये-१५००० का जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है तथा कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा-२४ के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति की वसूली एवं धारा-२६ के अन्तर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अर्थदण्ड इत्यादि की कार्यवाही की जाएगी। उप कृषि निदेशक ने कृषकों से अनुरोध किया है कि वे फसल अवशेष कदापि न जलायें, उसे खाद बनाकर इस्तेमाल करें।

किसानों से विनम्र व्यवहार और क्रय केंद्रों पर साफ-सफाई के निर्देश

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में धान क्रय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी धान खरीद सीजन को सुचारू और पारदर्शी बनाना था। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के साथ अत्यंत नम्र और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए।

अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में धान क्रय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी धान खरीद सीजन को सुचारू और पारदर्शी बनाना था। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के साथ अत्यंत नम्र और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी धान क्रय केंद्रों पर समुचित साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



साफ सफाई को लेकर बैठक करतीं एडीएम ।

जनपद में कुल ४१ क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिला खाद्यय विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने धान क्रय नीति वर्ष २०२६-२७ के विभिन्न प्रावधानों और नियमों से सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को धान एवं चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उसके मानकों की जांच करने के संबंध में आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ई-पॉप डिवाइस के इंजीनियर ने पीपीटी के माध्यम से डिवाइस के संचालन और ऑनलाइन फीडिंग की प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, ताकि खरीद के दौरान तकनीकी स्तर पर कोई बाधा न आए।